ShaneNabi.In
Best Sunni Islamic Website
(बेस्ट सुन्नी इस्लामिक वेबसाईट)

# ये तो ख़्वाजा का करम है मेरे ख़्वाजा का करम है

## (हिन्दी कव्वाली लीरिक्स)

लिखा है (लेखक): असलम साबरी

सोशल नेटवरकस पर हमें फ़ॉलो करें:
https://youtube.com/@shanenabi
https://www.facebook.com/shanenabi.in
https://www.instagram.com/shanenabi.in
https://twitter.com/ShaneNabi_In

अधिक लीरिक्स और इस्लामी सामग्री के लिए कृपया हमारी वेबसाईट https://shanenabi.in पर जाये
यह लीरिक्स https://shanenabi.in से डाउनलोड/प्रिंट किया गया है
सहायता/अनुरोध के लिए support@shanenabi.in पर हमसे संपर्क करें

ये तो ख़्वाजा का करम है
मेरे ख़्वाजा का करम है
ये तो ख़्वाजा का करम है

लेते ही नाम ख़्वाजा का तूफ़ान हट गया
कश्ती में मेरी आ के समंदर सिमट गया

ये तो ख़्वाजा का करम है
मेरे ख़्वाजा का करम है
ये तो ख़्वाजा का करम है

ख़्वाजा के इश्क़ में मुझे बतलाऊँ क्या मिला
मुर्शिद मिले, रसूल मिले और ख़ुदा मिला

ये तो ख़्वाजा का करम है
मेरे ख़्वाजा का करम है
ये तो ख़्वाजा का करम है

दामन को मेरे भर दिया ख़ुशियों से ख़्वाजा ने
औक़ात से ज़ियादा नवाज़ा है ख़्वाजा ने

ये तो ख़्वाजा का करम है
मेरे ख़्वाजा का करम है
ये तो ख़्वाजा का करम है

जिस वक़्त मैंने, दोस्तो ! ख़्वाजा को पुकारा
फ़ौरन ही मिल गया मुझे मुश्किल में सहारा
जब से मिला है मुझ को उसी दर का उतारा
पहुँचा बुलंदियों पे मुक़द्दर का सितारा

© ShaneNabi.In

ये तो ख़्वाजा का करम है
मेरे ख़्वाजा का करम है
ये तो ख़्वाजा का करम है

मुझ ग़मज़दा को आप ने दर पे बुला लिया
दामन में अपने ख़्वाजा ने मुझ को छुपा लिया
ख़्वाजा पिया का मुझ पे ये एहसान देखिए
मुझ जैसे इक हक़ीर को अपना बना लिया

ये तो ख़्वाजा का करम है
मेरे ख़्वाजा का करम है
ये तो ख़्वाजा का करम है

क्या शान-ए-करम, जूद-ओ-सख़ा, बहर-ए-अता है
ख़ुद मँगतों को ख़्वाजा का करम ढूँढ रहा है
जब तक बिका न था तो कोई पूछता न था
तुम ने ख़रीद कर मुझे अनमोल कर दिया

ये तो ख़्वाजा का करम है
मेरे ख़्वाजा का करम है
ये तो ख़्वाजा का करम है

निस्बत मिली है जब से मुझे तेरे नाम की
इज़्ज़त जहाँ में होने लगी इस ग़ुलाम की

ये तो ख़्वाजा का करम है
मेरे ख़्वाजा का करम है
ये तो ख़्वाजा का करम है

© ShaneNabi.In

कभी कभी तो कोई नवाज़े
मेरा ख़्वाजा सदा नवाज़े

उसी दर की बदौलत, बा-ख़ुदा, पाई है ये दौलत
लुटाता जाता हूँ जितनी ये उतनी बढ़ती जाती है

ये तो ख़्वाजा का करम है
मेरे ख़्वाजा का करम है
ये तो ख़्वाजा का करम है

© ShaneNabi.In
© ShaneNabi.In
© ShaneNabi.In